# आलोचनाओं ने मुझे और ज़्यादा प्रेरित किया : भूमि पेडनेकर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है. मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनिया भर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और ज़िम्मेदारी की बात से सबको प्रभावित किया.

भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थीं, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएँ नहीं दिखती थीं. उन्होंने कहा,मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़कियाँ नहीं दिखीं. जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे. उन आलोचनाओं ने मुझे और ज़्यादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी.



भूमि ने कहा कि उनकी पहली फ़िल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई.मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी भूमि एक ऐसे घराने में पली-बढ़ीं जहां सशक्त महिलाओं को सम्मान दिया जाता था. उनकी मां सुमित्रा पेडनेकर शिक्षा और स्वतंत्रता की प्रबल समर्थक थीं. उन्होंने बताया था कि मेरे घर में महिलाओं का हमेशा सम्मान किया जाता रहा है. मेरे माता-पिता हमेशा मुझसे कहते थे कि जब तक तुम स्वतंत्र नहीं हो जाओगी, तब तक हम तुम्हारी शादी नहीं करेंगे.

# रानी मुखर्जी ने साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई

**बॉलीवुड** अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने शुक्रवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में आयोजित साइबर अवेयरनेस मंथ 2025 के उद्घाटन समारोह में शिरकत की.

महिला-प्रधान फ्रैंचाइज़ी फिल्म मर्दानी में जाँबाज़ पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली रानी मुखर्जी, हमेशा भारतीय पुलिस बल और समाज की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की समर्थक रही हैं.आज रानी मुखर्जी ने इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार समेत कई गणमान्य अतिथियों के साथ भाग लिया. रानी मुखर्जी ने इस मौके पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते साइबर अपराधों पर जागरूकता बढ़ाई और महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल की सराहना की. रानी मुखर्जी ने कहा, मैं साइबर अवेयरनेस मंथ के उद्घाटन का हिस्सा बनकर वास्तव में सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ. सालों से, अपनी फिल्मों के माध्यम से, मुझे ऐसे किरदार निभाने का



रानी मुखर्जी ने कहा, मैं साइबर अवेयरनेस मंथ के उद्घाटन का हिस्सा बनकर वास्तव में सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ. सालों से, अपनी फिल्मों के माध्यम से, मुझे ऐसे किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है जो अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं और कमजोरों की रक्षा करते हैं.

सौभाग्य मिला है जो अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं और कमजोरों की रक्षा करते हैं. वास्तव में, आज मैं मर्दानी 3 की शूटिंग से सीधे यहाँ पहुँची हूँ, तो यह सब बहुत ही अलौकिक लगता है. महाराष्ट्र पुलिस की यह पहल प्रशंसनीय है.

रानी मुखर्जी ने कहा आज, साइबर अपराध खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हमारे घरों के भीतर चुपचाप बढ़ रहे हैं. एक महिला और एक माँ होने के नाते, मैं समझती हूँ कि जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है. जब परिवार जानते हैं कि सुरक्षित कैसे रहना है और मदद कहाँ लेनी है, तभी असली सुरक्षा शुरू होती है. उन्होंने कहा,डायल 1930 और डायल 1945 हेल्पलाइन सभी नागरिकों के लिए एक वरदान हैं. एक कलाकार के तौर पर, मैं स्क्रीन पर कहानियों को जिंदा करती हूँ, लेकिन एक महिला, माँ और नागरिक के रूप में, मुझे लगता है कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई बच्चा चुपचाप न रोए, कोई महिला असुरक्षित महसूस न करे और कोई परिवार साइबर अपराध की वजह से अपनी शांति न खोए.आइए आज हम संकल्प लें कि सतर्क रहेंगे, आवाज़ उठायेंगे और एक सुरक्षित डिजिटल दुनिया के लिए एकजुट होकर खड़े होंगे.

रानी मुखर्जी अब अपनी अगली फिल्म मर्दानी 3 में दिखाई देंगी, जो 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसका निर्देशन अभिराज मीनावाला कर रहे हैं.

# फिल्म द गर्लफ्रेंड का टीजर रिलीज

**दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म द गर्लफ्रेंड का टीजर रिलीज हो गया है.**

रश्मिका मंदाना और दीक्षित शेट्टी स्टारर फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर दर्शकों के बीच काफी वक्त से उत्साह बना हुआ था. रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही एक टीजर भी शेयर किया है.

इसके साथ ही रश्मिका ने बताया है कि 'द गर्लफ्रेंड' 07 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी.

टीजर में रश्मिका मंदाना और एक्टर दीक्षित शेट्टी एक रेस्टोरेंट में बैठे नजर आते हैं. बातचीत के समय रश्मिका अपने किरदार में गहरे सोच में डूबी हुई लगती हैं. वह पूछती हैं, हम सबका एक टाइप होता है ना विक्रम? क्या मैं तुम्हारे टाइप की हूं? दो लोग कैसे तय करते हैं कि वो एक-दूसरे के लिए बने हैं?

इस पर दीक्षित थोड़ा मुस्कुराते हुए कहते हैं, कहीं तुम ये तो नहीं सोच रही कि मैं तुम्हारे लिए सही हूं या नहीं? जिस पर रश्मिका जवाब देती हैं, मैं भी यही सोच रही हूं कि क्या मैं तुम्हारे लिए सही हूं. टीजर के आखिर में दीक्षित शेट्टी कैमरे की ओर देखकर पूछते हैं, क्या तुम्हें भी?

रश्मिका ने फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' का टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है आप लोग इसका इंतजार कर रहे थे और ये आ गया. 'द गर्लफ्रेंड' 07 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.'



# कुरुक्षेत्र' का ट्रेलर जारी किया




नेटफिलक्स की भव्य एनिमेटेड सीरीज़, कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है. इस सीरीज़ में महाभारत की अमर कहानी 18 योद्धाओं की दृष्टि से दिखाई गई है, जो नैतिक द्वंद, निर्णयों की कशमकश और नियमित चक्र में फंसे हैं, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी. यह महाकाव्य भगवान कृष्ण के इन शब्दों पर आधारित है कि, ''इस युद्ध में ना कोई मित्र है, ना कोई शत्रु''. 10 अक्टूबर को पहला सीज़न शुरू होने जा रहा है. कुरुक्षेत्र भारत के सबसे महान धर्मयुद्ध की कहानी है, जो परिवार को परिवार के खिलाफ खड़ा कर देता है. यह सीरीज़ आंतरिक संघर्षों, व्यक्तिगत टकराव और इस युद्ध की भारी कीमत को दिखाती है. अर्जुन की पीड़ादायक कशमकश से लेकर न्याय के लिए द्रौपदी की शपथ, सत्ता के पीछे दुर्योधन के जुनून से लेकर भीष्म पितामह के बौद्धिक ज्ञान तक, इस एनिमेटेड सीरीज़ में विभिन्न पीढ़ियों की भावनाओं और दुविधाओं को दिखाया गया है, जो सभी दर्शकों को पसंद आएगी.

# गाथा शिव परिवार की : गणेश-कार्तिकेय



**भारतीय** टेलीविजन पर पौराणिक कथाओं की अपनी एक अलग ही दुनिया रही है. बचपन से ही हम सबने टीवी स्क्रीन पर रामायण, महाभारत और शिव-पुराण से जुड़ी अनेक कहानियाँ देखी हैं. अब इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सोनी सब दर्शकों के लिए लेकर आ रहा है एक नया शो — गाथा शिव परिवार की- गणेश-कार्तिकेय. इस धारावाहिक का निर्माण पेनिनसुला पिक्चर्स प्रा. लि. ने किया है, जो पहले भी दर्शकों को भव्य पौराणिक और ऐतिहासिक कहानियां दे चुका है. इस बार कथा केंद्र में है ब्रह्मांड का सबसे दिव्य परिवार — भगवान शिव, मां पार्वती और उनके पुत्र गणेश और कार्तिकेय. यह धारावाहिक सिर्फ पौराणिक घटनाओं का पुनर्पाठ नहीं होगा, बल्कि शिव परिवार की आत्मीयता, संघर्ष और प्रेम को नई दृष्टि से प्रस्तुत करेगा. भगवान गणेश की सरलता और बुद्धिमत्ता के साथ-साथ भगवान कार्तिकेय की वीरता और साहस को दर्शक पहली बार टीवी स्क्रीन पर साथ-साथ देख पाएंगे.

# तुम से तुम तक की कहानी में नया मोड़

**ज़ी** टीवी का अनोखा शो 'तुम से तुम तक', जिसमें शरद केलकर आर्यवर्धन और निहारिका चौकसे अनु का किरदार निभा रहे हैं, रिश्तों का एक नया चेहरा दिखा रहा है जो उम्र और हैसियत से ऊपर हैं. दर्शक अब तक इस शो को खूब पसंद कर रहे हैं और अब इसमें एक नया ट्विस्ट जुड़ने जा रहा है. जाने-माने एक्टर साई बल्लाल शो में जलंधर बल्लाल के रूप में एंट्री कर रहे हैं.

# फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज

**अभिनेता** और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है. अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर / मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी. ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे.

निखिल ने बताया कि मैंने 'बंदर' नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था. लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा.

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि 'बंदर' (मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है.निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सफ़र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था. कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है. और एक दिन उन्होंने यूँ ही इसका ज़िक्र किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नहीं रख देते?




बंदर का प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ है. इस फ़िल्म में बॉबी देओल एक ऐसे अवतार में नज़र आए हैं जैसा उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया है. ऐसे में क्रिटिक्स बॉबी के इस पूरे ट्रांसफॉर्मेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं और मानते हैं कि यह उनके करियर के बेस्ट परफॉर्मेंसेस में से एक होने वाली है. इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी अहम किरदार में हैं.

# नीरू ने फिल्म जवाक की घोषणा की


**अभिनेत्री नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा की है.**



पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में अपनी खास पहचान बना चुकीं नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म जवाक की घोषणा इंस्टाग्राम पर की है. इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है %जवाक%. इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता. सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026.

फिल्म जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं. फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है. यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.हाल ही में नीरू बाजवा, अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में नजर आई थीं.





# हरियाणा पावर यूटिलिटीज में 284 पदों पर निकली भर्ती

**जिन** लोगों ने इंजीनियरिंग की है उनके लिए नौकरी का शानदार अवसर है. दरअसल हरियाणा पावर यूटिलिटी (HPU) ने असिस्टेंट इंजीनियर के लिए वैकेंसी निकली है. जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. योग्य व इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन 29 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं. हरियाणा पावर यूटिलिटीज में करियर बनाने का यह सुनहरा अवसर है.

हरियाणा पावर यूटिलिटी में यह भर्ती इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्रों के लिए है. जिसमें कुल 285 पदों पर भर्ती की जाएगी. जिन उम्मीदवारों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक, स्नातकोत्तर या समकक्ष डिग्री होनी चाहिए. आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए.

वहीं, सिविल इंजीनियरिंग के पदों के लिए 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री होना अनिवार्य है. इसके साथ ही आवेदन करने वाले उम्मीदवार ने उच्च शिक्षा हिंदी या संस्कृत भाषा का अध्ययन किया हो.

इन पदों के लिए आवेदक की आयु सीमा न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष तय की गई है. वहीं, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट भी मिलेगी. एससी और एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह छूट 5 वर्ष है और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट मिलेगी.

## कैसे करें आवेदन

आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट dhbvn.org.in पर जाएं. अब होम पेज पर जाकर अप्लाई लिंक पर क्लिक करें. इसके बाद व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें. निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के बाद फॉर्म सबमिट करें. आखिर में आवेदन फॉर्म का प्रिंट आउट अपने पास सुरक्षित रखें. इन पदों पर उम्मीदवारों का चयन शैक्षणिक योग्यता, अनुभवी कार्य और मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा.

# एम्स जम्मू में निकलीं फैकल्टी पदों पर नौकरियां

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जम्मू ने ग्रुप-ए के 80 फैकल्टी पदों के लिए भर्ती अभियान की घोषणा की है. यह भर्ती विभिन्न चिकित्सा विभागों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के लिए निकाली गई है. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट aiimsjammu.edu.in पर जाकर 24 अक्तूबर, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती के तहत कुल 80 पद भरे जाएंगे, जिनमें 24 प्रोफेसर, 15 एडिशनल प्रोफेसर, 18 एसोसिएट प्रोफेसर और 23 सहायक प्रोफेसर के पद शामिल हैं.



**कौन कर सकता है आवेदन?**- मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी पदों के लिए एमबीबीएस और एनएमसी मान्यता प्राप्त एमडी अनिवार्य है. सहायक प्रोफेसर के लिए 3 साल, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 6 साल, एडिशनल प्रोफेसर के लिए 10 साल और प्रोफेसर के लिए 14 साल का शिक्षण अनुभव जरूरी है.

**अनुभव मुख्यत:** मेडिकल कॉलेज या मान्यता प्राप्त संस्थान में होना चाहिए. सभी पदों के लिए न्यूनतम योग्यता और अनुभव एनएमसी के मानकों के अनुसार तय हैं.

**आयु सीमा**- इन सभी पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष है (24 अक्तूबर 2025 तक). आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी. अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 5 वर्ष, ओबीसी के लिए 3 वर्ष, PwBD उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष और सरकारी कर्मचारियों के लिए 5 वर्ष की छूट निर्धारित है.

**आवेदन शुल्क**- सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3000 रुपये, ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 2400 रुपये, एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 2400 रुपये, जबकि क्82क्8 उम्मीदवार शुल्क से मुक्त हैं. ध्यान दें कि एससी/एसटी उम्मीदवारों का आवेदन शुल्क उन उम्मीदवारों के लिए वापस कर दिया जाएगा जो आवेदन किए गए पदों के लिए इंटरव्यू में उपस्थित होते हैं.

**दस्तावेज भेजने का पता और अंतिम तिथि**- जो उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करते हैं, उन्हें अपने सभी जरूरी प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित कॉपियां भी साथ में भेजनी होंगी.

# आरआरबी स्नातक स्तर के 5800 पदों पर भर्ती

**रेलवे** भर्ती बोर्ड ने स्नातक स्तर के 5800 पदों पर भर्ती की घोषणा की है. आरआरबी एनटीपीसी स्नातक स्तर 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी. आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2025 रात 11ः59 बजे है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.

**इन पदों पर होगा चयन**- स्टेशन मास्टर, मालगाड़ी प्रबंधक, यातायात सहायक (मेट्रो रेलवे), मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक, कनिष्ठ लेखा सहायक सह टंकक, वरिष्ठ लिपिक सह टंकक

**कौन कर सकता है आवेदन?**- स्नातक स्तर की यह भर्ती उन उम्मीदवारों के लिए है जिनके पास विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री या



इसके समकक्ष शैक्षिक योग्यता हो और जिनकी आयु 18 से 33 वर्ष के बीच हो.

इस भर्ती का संक्षिप्त नोटिस अक्तूबर के पहले सप्ताह में रोजगार समाचार में प्रकाशित किया गया है.

**चयन प्रक्रिया**- आरआरबी एनटीपीसी 2025 भर्ती में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों के माध्यम से किया जाएगा. इसमें सबसे पहला चरण सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) का पहला चरण होगा, जिसके सफल उम्मीदवार सीबीटी के दूसरे चरण के लिए पात्र होंगे. इसके बाद योग्य उम्मीदवारों को टाइपिंग टेस्ट (कौशल परीक्षा) या योग्यता परीक्षा में बैठना होगा, जो उनके पेशेवर कौशल और योग्यता को परखने के लिए आयोजित की जाती है.

चरणों के अंतिम हिस्से में दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण शामिल हैं. दस्तावेज सत्यापन में उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता, आयु, पहचान और अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच की जाती है. इसके बाद उम्मीदवारों का चिकित्सा परीक्षण कर उनकी शारीरिक एवं स्वास्थ्य स्थिति की पुष्टि की जाती है, ताकि रेलवे में नौकरी के लिए वे पूरी तरह फिट हों.



# राष्ट्रीय आवास बैंक में मैनेजर के पद पर निकली वैकेंसी

**राष्ट्रीय** आवास बैंक अधिकारी भर्ती 2025 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. जिसमें विभिन्न संविदा अधिकारी स्तर के पदों के लिए कुल 7 रिक्तियों की घोषणा की गई है. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार अब ह।क्ककी आधिकारिक वेबसाइट पर पूरी अधिसूचना देख सकते हैं.

राष्ट्रीय आवास बैंक ने 2025 के लिए अपनी भर्ती अधिसूचना जारी की है, जिसमें विभिन्न वरिष्ठ और प्रबंधकीय पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इन पदों में महाप्रबंधक, उप प्रबंधक, उप महाप्रबंधक और मुख्य अर्थशास्त्री शामिल हैं. इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.

एनएचबी भर्ती 2025 उम्मीदवारों के आशाजनक करियर हो सकता है. जिसमें 7 पदों पर भर्ती होगी. बैंकिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की सोच रहे उम्मीदवारों के लिए यह एक अमूल्य अवसर हो सकती है.

**कब तक कर सकेंगे आवेदन**- एनएचबी भर्ती 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी. योग्य उम्मीदवार राष्ट्रीय आवास बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि, 21 अक्टूबर 2025 से पहले ही अपना आवेदन पूरा कर लें ताकि अंतिम समय में आने वाली तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके. एनएचबी भर्ती 2025 के लिए आवेदन शुल्क उम्मीदवार की श्रेणी के अनुसार अलग-अलग होगा. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों को 175 रुपए का भुगतान करना होगा. अन्य सभी श्रेणियों के लिए आवेदन शुल्क 850 रुपए है.

**कितना मिलेगा वेतन**- चयनित उम्मीदवारों को महाप्रबंधक पद के लिए पे स्केल 7 के अनुसार 156500 रुपए से 173860 रुपए तक वेतन मिलेगा. वहीं, उप प्रबंधक को पे स्केल 2 के अनुसार 64820 से 93960 रुपए तक वेतन मिलेगा.